भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2026
30 जुलाई, 2026 को उत्तर देने के लिए

सुल्तानपुर जिले में स्वीकृत खाद्य प्रसंस्करण परियोजनाएं

†2026. श्री रामभुआल निषाद:

क्या खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान सुल्तानपुर जिले में स्वीकृत खाद्य प्रसंस्करण परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) केंद्रीय सरकार की योजनाओं के अंतर्गत जारी की गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है; और

(ग) ऐसी परियोजनाओं के माध्यम से सृजित रोजगार के अवसरों का परियोजना-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री
(श्री चिराग पासवान)

(क) से (ग) : खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफ़पीआई) अपनी दो केंद्रीय योजनाओं, प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएसएफपीआई), तथा एक केंद्र प्रायोजित योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के माध्यम से संबंधित अवसंरचना की स्थापना/विस्तार को प्रोत्साहित कर रहा है। ये योजनाएं मांग-आधारित हैं और उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले सहित पूरे देश में कार्यान्वित की जा रही हैं।

पीएमकेएसवाई और पीएलआईएसएफपीआई के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले में किसी भी परियोजना को मंज़ूरी नहीं मिली है। उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले में पीएमएफएमई के अंतर्गत मंज़ूर किए गए सूक्ष्म खाद्य उद्यमों की जानकारी इस तरह है-

स्वीकृत सूक्ष्म खाद्य उद्यमों की संख्या	स्वीकृत सब्सिडी (करोड़ रुपये में)	रोज़गार
892	30.24	2676

*****